## महत्वपूर्ण एवं खास

### राज्यपाल से पुलिस महानिदेशक अवस्थी ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी ने सौजन्य मुलाकात की। अवस्थी ने छत्तीसगढ़ की नव नियुक्त राज्यपाल उइके को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### राज्यपाल से मुख्य सचिव कुजूर ने की सौजन्य भेंट



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में मुख्य सचिव सुनील कुमार कुजूर ने सौजन्य भेंट की। कुजूर ने छत्तीसगढ़ की नव नियुक्त राज्यपाल उइके को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### स्कूटी बेचने का विज्ञापन देकर 42 हजार की ठगी, मामला दर्ज

**» ठग ने खुद को आर्मी अधिकारी बताकर किया गुमराह**

**रायपुर (आरएनएस)।** एक्टिवा बेचने के लिए ऑनलाइन विज्ञापन डालकर 42 हजार रुपए की ठगी किए जाने की रिपोर्ट खमतराई थाने में दर्ज की गई है। मिली जानकारी के अनुसार बंजारी नगर खमतराई रायपुर निवासी चंद्रशेखर देवांगन 20 वर्ष पिता रोशन लाल देवांगन ने रिपोर्ट कराई है कि 23 जुलाई को एक्टिवा एक्टीवा 4जी क्रमांक सीजी 06 जीजे 5525 बेचे जाने का विज्ञापन ऑनलाइन देखकर संपर्क करने पर मोबाइल फोन नंबर 8569912029 के धारक ने खुद को आर्मी अधिकारी रामजी साहू रायपुर एयरपोर्ट में तैनात होना बताकर प्रार्थी से 22 हजार रुपये खाते में ट्रांसफर करवा लिया व रुपए पेंडिंग होने की बात कहकर स्कूटी ले जाते वक्त रुपए वापस करने की झांसा देकर पुनः अपने खाते में 22 हजार रुपये जमा करा लिया। प्रार्थी द्वारा रायपुर एयरपोर्ट में पहुंचकर आर्मी अधिकारी रामजी साहू के बारे में पूछताछ करने पर वहां तैनात कर्मचारियों ने बताया कि इस नाम से कोई भी व्यक्ति यहां तैनात नहीं है। खुद के साथ हुए फर्जीवाड़े की रिपोर्ट प्रार्थी ने थाने में दर्ज कराई है। पुलिस ने मोबाइल फोन धारक के खिलाफ धारा 420 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### तेज रफ्तार ऑटो ने इनोवा को मारी ठोकर, मामला दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** तेज रफ्तार ऑटो चालक ने अनियंत्रित होकर इनोवा को टक्कर मार दिया जिसके चलते इनोवा वाहन क्षतिग्रस्त हो गई। घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज की गई। मिली जानकारी के अनुसार गौरव पथ सिविल लाइन फारेस्ट ऑफिस के पास तेज रफ्तार ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 6539 के चालक ने इनोवा से जा रहे सूरज कुमार 23 वर्ष पिता रमेश कुमार के वाहन को ठोकर मार दिया जिसके चलते इनोवा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने ऑटो चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाए जाने पर धारा 279 के तहत अपराध कायम कर मामला दर्ज कर लिया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** अवैध रूप से शराब के साथ पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से 14 पाव देसी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा थाना पुलिस ने जीरो पाइंट के पास चैतराम मारकंडेय 26 वर्ष पिता प्रेमदास को 14 पांव अवैध देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया है आरोपी के खिलाफ 34 एक्ट के तहत अपराध कायम कर कार्रवाई किया गया है।

### अपनी समस्याओं को लेकर पत्रकारों ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आज उनके निवास में रायपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष दामू आम्बेडारे के नेतृत्व में पत्रकारों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से पत्रकारों की समस्याओं को लेकर चर्चा की।

# सुकमा जिले में मची तबाही, बीजापुर बना टापू, इंद्रावती डेंजर लेवल पर

**» संभाग में अब तक 175 मकान ढहे, उफनती नदियों में 11 लोग बहे, 5 के मिले शव, 6 अभी भी लापता » समलेश्वरी एवं राऊरकेरा एक्सप्रेस दूसरे दिन भी रद्द**



**जगदलपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले में पिछले 3 दिनों से बस्तर में निंरतर हो रही मूसलाधार बारिश से नदी नालों में उफान एवं बाढ़ के चलते संभाग मुख्यालय का अनेक स्थानों से सड़क संपर्क विच्छेद हो गया है। सुकमा जिले का दूसरे दिन भी उड़ीसा एवं तेलंगाना से संपर्क टूटा हुआ है। इधर बीजापुर जिला मुख्यालय भी टापू में परिवर्तित हो चुका है। बाढ़ एवं बारिश से अब तक समूचे संभाग में 175 मकान ढहने की खबर है और 11 लोग तेज बहाव में बह गए हैं, जिनमें से 5 के शव बरामद हुए हैं, शेष लापता लोगों की गोताखोरों की मदद से तलाश जारी है। जगदलपुर में मकान ढहने से दो की मौत हो गयी वहीं 5 लोग घायल हैं।

**जीना हुआ दुश्वार** – गांव व कस्बे तालाब में तब्दील हो गए हैं। सड़क, गलियां, चौराहे पानी से लबालब हो गये हैं। घरों में करंट फैल गया है। दर्जनों मकान धराशायी हो गए हैं, खेत एवं गांव जलमग्र हो गए हैं। कई गांव टापू में तब्दील हो गए हैं। सर्वत्र पानी का उमड़ता सैलाब दिखायी पड़ रहा है। समूचा जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है, मुसीबतें बढ़ गयी हैं साथ ही जीना दुश्वार हो गया है। मूसलाधार बारिश की वजह से ग्रामीणों क्षेत्रों के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी बिजली की व्यवस्था चरमरा गई है तथा सैकड़ों गांव अंधेरे में बाढ़ की भेंट चढ़ गए हैं।

**इंद्रावती किनारे के सभी मकान खाली करवाए गए–** इंद्रावती नदी का तेजी से बढ़ता जलस्तर वार्निंग लेवल पार कर गया है, कलेक्टर अय्याज तांबोली ने बताया कि उड़ीसा में खातीगुड़ा डेम का जलस्तर बढने से दोपहर बाद बांध के 3 गेट खोल दिए जाएंगे। इसीलिए नदी किनारे के लोगों को सतर्कता बरतते हुए मकान खाली कराने के निर्देश दिए गए हैं। इंद्रावती नदी के खतरे के निशान के ऊपर बहने से निचली बस्तियों को खाली करा कर सुरक्षित ठिकानों तक पहुंचाया गया है। बाढ़ पीड़ितों के लिए शहर के अनेक स्कूलों में राहत केन्द्र खोले गए हैं, शिविरार्थियों को प्रशासन द्वारा भोजन एवं उपचार मुहैया करवाया जा रहा है।

इंद्रावती नदी का तटीय इलाका डोंगाघाट, छेपरागुड़ा, धोबीगुड़ा एवं भेजापदर पूरी तरह टापू बन गए हैं।

**बीजापुर में चौतरफा बाढ़ का कहर** - बीजापुर जिला मुख्यालय से आंध्रप्रदेश मार्ग पर तारलागुड़ा में पुल पर बाढ़ का पानी दूसरे दिन भी पुल से ऊपर बह रहा है, जिससे पुल के दोनों तरफ वाहनों की कतार लग गई है। इधर बीजापुर से बासागुड़ा,मार्ग पर तालपेरू नदी का पानी पुल पर से 4 फीट ऊपर बह रहा है, जिससे इस मार्ग पर भी कल से यातायात ठप है। बाढ़ की वजह से चेरपाल, गंगालूर, कुटरू, बासागुड़ा इलाके में आवागमन ठप हो गया है।

## रायगढ़ सहित राज्य के 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट घोषित

**रायपुर (आरएनएस)।** बंगाल की खाड़ी में बने मजबूत सिस्टम के असर से प्रदेश में चौतरफा बारिश हो रही है। इधर मौसम विभाग ने प्रदेश के रायगढ़ सहित 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट तथा 10 जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट घोषित कर दिया है।

मौसम केन्द्र रायपुर से जारी चेतावनी में कहा गया है कि बंगाल की खाड़ी में बने तगड़े सिस्टम और प्रदेश के निकट बने कम दबाव क्षेत्र के असर से प्रदेश में इस समय चौतरफा बारिश हो रही है। इसी क्रम में राज्य के बिलासपुर, मुंगेली, धमतरी, दुर्ग, बालोद, कवर्धा, बेमेतरा, राजनांदगांव, कांकेर और नारायणपुर जिलों में आगामी चौबीस घंटों के दौरान एक-दो स्थानों पर अतिभारी बारिश की संभावना बनी हुई है। मौसम विभाग ने इन 10 जिलों के लिए रेड अलर्ट जारी कर दिया है। इसका मतलब यह हुआ कि इन जिलों में अतिसतर्कता बरतते हुए राहत व बचाव के लिए तत्काल तैयार रहना होगा।

इसी तरह राज्य के सरगुजा, जशपुर, सूरजपुर, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर-चांपा, रायपुर, बलौदाबाजार, महासमुंद और कोण्डागांव जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में भी एक-दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग द्वारा प्रदेश के राहत आयुक्त को भेजे सूचना में हर संभव सहायता व मदद के लिए तैयार रहने कहा गया है।

## केन्द्रीय वित्त आयोग के निर्देशों पर पेट्रोलियम पदार्थो की छूट वापस लेनी पड़ी : कांग्रेस

**» वित्तीय मामलों में राज्य सरकार पर वित्त आयोग के निर्देश बंधनकारी**

**रायपुर (आरएनएस)।** पेट्रोलियम पदार्थो में वेट में दी गयी छूट वापस लेने पर भाजपा के द्वारा की जा रही स्तरहीन राजनीति की कड़ी निंदा करते हुये प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि केन्द्रीय वित्त आयोग के निर्देशों पर राज्य सरकार को पेट्रोलियम पदार्थो के दामों पर छूट वापस लेनी पड़ी है। भाजपा की संवेदनशीलता पेट्रोलियम पदार्थो की कीमत मोदी सरकार द्वारा बढ़ाने पर सोई रहती है।

प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं संचार विभाग के अध्यक्ष शैलेश नितिन त्रिवेदी ने पूछा है कि भाजपा बतायें कि क्या मोदी सरकार केंद्रीय एक्ससाइज़ व कस्टमड्यूटी वापिस लेने का साहस दिखाएगीए जिससे पेट्रोल.डीज़ल की कीमतें रुण् 10.15 रुपये कम होगी। जब केन्द्रीय बजट में मोदी सरकार ने इससे अधिक की वृद्धि की थी तब भाजपा के संवेदनशीलता कहां सोयी पड़ी थी। मोदी सरकार में तो कच्चे तेल क्रूड आइल के दाम कम होने के बाद पेट्रोलियम पदार्थों के दाम बढ़ाये गये थे। पेट्रोल पर एक्ससाइज़ 211 प्रतिशत बढ़ाई व डीज़ल पर 433 प्रतिशत। मई 2014 से आज तकए मोदी सरकार ने ष्केंद्रीय एक्ससाइज़ ड्यूटीस् 12 बार बढ़ाई।

इसके अलावा ष्कस्टमड्यूटीष् बढ़ा कर मोदी सरकार ने जनता से वसूली अलग से की। इस प्रकार पेट्रोल व डीज़ल पर भारी भरकम टैक्स लगा जनता की जेब से 52 महीनों में रुण् 11 लाख करोड़ लुटे गए। कांग्रेस की सरकार ने तो मात्र वेट की छूट वापस की है।

## राज्यपाल से पूर्व मुख्यमंत्री जोगी ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्यपाल अनुसुईया उइके से आज यहां राजभवन में पूर्व मुख्यमंत्री अजीत जोगी ने सौजन्य मुलाकात की। जोगी ने छत्तीसगढ़ की राज्यपाल उइके को पुष्पगुच्छ भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। अजीत जोगी ने प्रतिनिधिमण्डल के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा और छत्तीसगढ़ से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

राज्यपाल उइके ने प्रतिनिधिमण्डल को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके द्वारा अवगत कराई गई समस्याओं के निराकरण के लिए हरसंभव प्रयास किये जाएंगे। राज्यपाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास और यहां की समस्याओं का निराकरण सभी के सहयोग से किया जाएगा।

इस अवसर पर कोटा क्षेत्र के विधायक श्रीमती रेणु जोगी, लोरमी विधायक धर्मजीत सिंह, बलौदाबाजार के विधायक प्रमोद शर्मा, मारवाही क्षेत्र के पूर्व विधायक अमित जोगी, इकबाल रिजवी भी उपस्थित थे।

## शंकरनगर एक्सप्रेस वे में सड़क धंसने से कार पलटी

**» कार दुर्घटना मामले में जांच कमेटी गठित**

**» एसीएस की अध्यक्षता में होगी जांच**

**रायपुर (आरएनएस)।** शंकरनगर एक्सप्रेस वे मार्ग में ठेकेदार एवं अभियंताओं की लापरवाही के चलते सड़क धंसने के कारण कार क्रमांक सीजी 04 एमएल 1267 दुर्घटनाग्रस्त हो गई। उक्त मामले को संज्ञान में लेकर गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने तत्काल मामले की जांच के लिए एसीएस की अध्यक्षता में जांच कमेटी का गठन करने का निर्देश दिया है।

ज्ञातव्य है कि पूर्व में भी सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार के चलते घटिया सड़क निर्माण के कारण बड़ी संख्या में हादसे होते रहे हैं। उक्त मामले में एसीएस कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद गृहमंत्री साहू ने संबंधित कार्य कराने वाले इंजीनियर एवं ठेकेदार के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर कड़ी कार्यवाही किए जाने के संकेत दिए हैं।

## दो दलालों से 47 हजार का रेलवे टिकट जब्त

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे टिकट की दलाली करने वाले दो युवकों को कल पुलिस ने गिरफ्तार कर इनके कब्जे से 47 हजार रूपए मूल्य का टिकट बरामद किया है।

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने ऑपरेशन थंडर अभियान चलाते हुए सेक्टर 6 निवासी 25 वर्षीय नितिन राज तथा 34 वर्षीय मुशीर अहमद को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ रेलवे सुरक्षा बल ने अपराध पंजीबद्ध किया है। इसके अलावा दोनों आरोपियों से कंप्यूटर मॉनिटर एवं ई टिकट के साथ-साथ लगभग 47 हजार रूपये के मूल्य की टिकट जब्त की गई है। दोनों व्यक्ति को अग्रिम कार्यवाही हेतु रेलवे न्यायालय रायपुर के समक्ष पेश किया जाएगा। यह जांच अभियान निरीक्षक राजेश वर्मा आरपीएफ पोस्ट भिलाई के नेतृत्व में चलाया गया। उनके साथ उपनिरीक्षक आरके सिंह, उपनिरीक्षक बीडी गोस्वामी के साथ टीम के अन्य सदस्य शामिल थे।

## फोरम ने बीमा कंपनी को दिया आदेश 9 लाख देने का



**जगदलपुर (आरएनएस)।** संभागीय मुख्यालय स्थित परिवादी के ट्रक दुर्घटना की क्षतिपूर्ति दावा देने से बीमा कंपनी ने इंकार कर दिया था। इस पर फोरम ने परिवादी को राहत देकर कंपनी को ओदश दिया कि वह परिवादी को 9 लाख रूपए, सर्वेयर शुल्क वापस करे।

न्यायालीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के गांधीनगर वार्ड निवासी श्रीमती दविन्दर कौर जसवाल की बीमित वाहन ट्रक क्रमांक सीजी-17 जीए 5679 18 मार्च 2017 को रायपुर से जगदलपुर की ओर आ रही थी। इसी रात लगभग 8 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग में ग्राम आसाना एवं तीरथ सिंह पेट्रोल पंप के बीच ट्रक का दाएं तरफ का टायर फट गया, जिससे ट्रक पलटकर खाई में गिर गई। इससे ट्रक के रेडिएटर, कूलर, इंजनफैन आदि पार्टस क्षतिग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना तत्काल जगदलपुर शाखा को दी गई। ट्रक के पार्टस से अनुमानित व्यय 17 लाख 32 हजार 348 रूपए एवं वाहन का बॉडी बनाने में 3 लाख रूपए यानि 20 लाख 32 हजार 398 रूपए आंका गया। कंपनी के सर्वेयर ने दुर्घटना का मुआयना किया, जिसमें क्षति मूल्य से काफी कम आंका गया। इसके लिए दावा के लिए परिवादी ने जिला उपभोक्ता फोरम में शरण लिया। इस पर फोरम के अध्यक्ष व्हीके एक्का एवं सदस्य छबिलेश्वर जोशी ने तथ्य एवं गवाहों के आधार पर फैसला दिया कि बीमा कंपनी परिवादी को बीमा धन 9 लाख रूपए 7 प्रतिशत वार्षिक की दर से साधारण ब्याज के साथ दें। साथ ही शारीरिक, मानसिक, आर्थिक क्षति के लिए 10 हजार रूपए, सर्वे का शुल्क 20532 रूपए एवं परिवाद व्यय 2000 रूपए भी देगा।

## द गर्ल ऑन द ट्रेन की हिन्दी रीमेक में नजर आएंगी कीर्ति कुल्हाड़ी



अभिनेत्री कीर्ति कुल्हारी को हॉलीवुड फिल्म द गर्ल ऑन द ट्रेन की हिंदी रीमेक में काम करने के लिए अनुबंधित किया गया है. रिभु दासगुप्ता निर्देशित फिल्म में वह पुलिस अधिकारी की भूमिका में नजर आएंगी. इसमें परिणीति चोपड़ा भी हैं.

कीर्ति ने कहा, रिभु द्वारा निर्देशित फिल्म में काम करना बेहतरीन एहसास है और वेब सीरीज बार्ड ऑफ ब्लड के बाद मैं उनके साथ दूसरी फिल्म में काम कर रही हूं. हमारे बीच अच्छे ताल्लुकात हैं. इस फिल्म में मैं उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं. एक सूत्र के मुताबिक, कीर्ति 15 अगस्त को लंदन के लिए रवाना होंगी, जिस दिन उनकी फिल्म मिशन मंगल रिलीज हो रही हैं. महीने भर की शूटिंग शेड्यूल के लिए वह 16 अगस्त को फिल्म के अन्य कलाकारों के साथ जुड़ जाएंगी.

इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा मेन लीड में नजर आएंगी. फिल्म को लेकर बीते दिनों परिणीति ने कहा था. मैं इस फिल्म की शूटिंग को लेकर काफी उत्साहित हूं, क्योंकि इससे पहले मैंने कभी भी ऐसा किरदार न ही निभाया है, न ही पढ़ा है. मुझे लगता है कि दर्शकों ने मुझे कभी भी इस तरह के किरदार में नहीं देखा होगा. यह किरदार मेरे व्यक्तित्व के बिल्कुल विपरीत है. एक कलाकार होने के नाते कुछ नया करने को लेकर मैं काफी खुश हूं.

इस साइकोलॉजिकल थ्रिलर को रिलायंस एंटरटेनमेंट प्रोड्यूस करेगा, जबकि निर्देशन की कमान रीभू दासगुप्ता के हाथ में होगी.

## हॉलिवुड फिल्म में ब्रिटिश जासूस बनीं राधिका आप्टे



फिल्म द वेडिंग गेस्ट से हॉलिवुड में डेब्यू कर चुकीं ऐक्ट्रेस राधिका आप्टे अब अपनी अगली हॉलिवुड फिल्म के रिलीज का इंतजार कर रही हैं। इस फिल्म का नाम लिबरेटः अ कॉल टू स्पाई है। हाल में इस फिल्म का प्रीमियर एडिनबर्ग फिल्म फेस्टिवल में किया गया था।

लीडिया डीन पिल्चर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में राधिका नूर इनायत खान नाम के किरदार को निभाती नजर आएंगी। राधिका ने अपने किरदार के बारे में बताया कि यह एक ऐसा किरदार है जिसमें एक शांतिवादी महिला युद्ध में फंसी हुई है। इस रीयल लाइफ किरदार के बारे में राधिका ने बताया कि नूर ब्रिटेन में जन्मी और रूस में रहने वाली ऐसी महिला थीं जिनकी मां एक अमेरिकन महिला और पिता एक भारतीय मुस्लिम थे।

दूसरे विश्व युद्ध के समय नूर ब्रिटिश प्राइम मिनिस्टर विंस्टन चर्चिल के एक खुफिया दस्ते की सदस्य थीं और उन्हें फ्रांस में जासूसी करने के लिए भेजा गया था। वहां उन्हें पकड़ लिया गया था लेकिन उन्होंने खुफिया जानकारी नहीं दी थी।

## कॉस्मेटिक खरीदने के पहले इन बातों का रखें ध्यान



हमें कोई प्रॉडक्ट पसंद आता है, तो अक्सर हम उसकी पूरी जानकारी लिए बिना उसे खरीद लेते हैं। लेकिन कोई भी प्रॉडक्ट खरीदने से पहले उसमें मौजूद इंग्रीडिएंट्स के बारे में पता कर लेना बेहद जरूरी है। इसके अलावा कई बातें हैं जो आपको कॉस्मेटिक खरीदते वक्त जरूर ध्यान में रखनी चाहिए।

**जांच लें इंग्रीडियंट्स–** जब आप ये फैसला कर रहे हों कि आपको अपने लिए एक कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट खरीदना है, तो कुछ समय लें और पहले उसमें शामिल सामग्री सूची पढ़ें। ऐसा हो सकता है कि उस प्रॉडक्ट में कोई सामग्री ऐसी हो, जो आपकी स्किन के लिए अच्छी न हो। ऐसे में सामग्री जांच करना बेहतर है जिससे बाद में आपको कोई समस्या न हो।

**समझें अपनी स्किन टाइप–** हम सभी की स्किन अलग-अलग प्रकार की होती है और हर स्किन की अलग-अलग जरूरतें होती हैं। कुछ लोगों की स्किन नॉर्मल हो सकती है, कुछ की ड्राई, तो कुछ की ऑइली और कुछ की मिली-जुली त्वचा भी होती है। इसलिए किसी भी कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट को खरीदने से पहले अपनी स्किन को समझने के लिए कुछ समय निकालें। जब आप अपनी स्किन को जानते हैं, तो ही आप अपनी स्किन के मुताबिक प्रॉडक्ट खरीद सकते हैं।

**स्किन टोन–** किसी भी कॉस्मेटिक प्रॉडक्ट को खरीदने से पहले हमेशा यह जानने की कोशिश करें कि आपकी स्किन टोन क्या है। स्किन टोन तीन प्रकार के होते हैंः कूल टोन, वार्म टोन और न्यूट्रल टोन। अगर आप अपनी स्किन टोन का पता लगाना चाहते हैं तो अपनी कलाई की नसों को देखने की कोशिश करें।